रोल नं.
Roll No.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4
No. of printed pages : 4

**123**

**423 (IOQ)**

# 2022

# समाजशास्त्र (सैद्धान्तिक)

# SOCIOLOGY (Theory)

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Max. Marks : 80

**निर्देश :**
(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
(ii) प्रश्न संख्या 1 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।
(iii) प्रश्न संख्या 15 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।
(iv) प्रश्न संख्या 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
(v) प्रश्न संख्या 25 गद्यांश पर आधारित है। इस पर पूछे गये उपप्रश्नों का उत्तर दिए गए गद्यांश पर आधारित होगा। तीन उपप्रश्नों में प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं, प्रत्येक उपप्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।
(vi) प्रश्नों के उत्तर सुनिश्चित तथा प्रश्न के अनुकूल होने चाहिए।
(vii) प्रथम प्रश्न से प्रारंभ कीजिए और अन्त तक करते जाइये। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

**Instruction :**
(i) There are 25 questions in all. **All** questions are **compulsory**.
(ii) Question No. 1 to 14 are of 2 marks each, to be answered in about 40 words.
(iii) Question No. 15 to 21 are of 4 marks each, to be answered in about 100 words.
(iv) Question No. 22 to 24 are of 6 marks each, to be answered in about 250 words.
(v) Question No. 25 is based on passage. Subquestions asked on it are to be answered based on the given passage. Each of three subquestions is of 2 marks, to be answered in about 40 words.
(vi) Answers should be precise and to the point.
(vii) Start from the first question and proceed to the last. Do not waste time over a question which you can not solve.



[ P.T.O.

Downloaded from cclchapter.com

1. 'आधुनिकीकरण' क्या है? 2
What is 'Modernisation'?

2. 'राष्ट्र राज्य' से क्या अभिप्राय है? 2
What is meant by 'Nation states'?

3. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसके द्वारा की गई और किस उद्देश्य से की गई? 2
Who founded 'Satyashodhak Samaj and what was the aim behind it?

4. पंथनिरपेक्षीकरण का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2
Clarify the meaning of Secularisation.

5. 'अल्पसंख्यक-वर्ग' किसे कहते हैं? 2
What is 'Minority-class'?

6. मूल तथा विस्तारित (संयुक्त) परिवार में क्या अन्तर है? 2
What is the difference between Nuclear family and Joint family?

7. 'साम्प्रदायिकता' से आप क्या समझते हैं? 2
What do you understand by 'Communalism'?

8. हरित क्रांति से आप क्या समझते हैं? 2
What do you understand by Green Revolution?

9. 'विनिवेश' क्या है? 2
What is 'Disinvestment'?

10. समाज सुधार आंदोलनों से क्या अभिप्राय है? 2
What is the meaning of Social Reform Movements?

11. खदान कामगारों की मुख्य समस्याएँ क्या हैं? 2
What are the main problems of Mine-workers?

12. 'महिलाओं के आन्दोलन' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2
Write short note on 'Women's Movements'.

13. 'भूमि हदबंदी अधिनियम' के बारे में आप क्या जानते हैं? 2
What do you know about 'Land Ceiling Act'?

14. औद्योगीकरण का सामाजिक सम्बन्धों पर क्या प्रभाव पड़ता है? 2
How does Industrialization affect the social relations?



Downloaded from cclchapter.com

15. 'पश्चिमीकरण' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 4

Write a short note on 'Westernization'.

16. 'पारिस्थितिकीय आन्दोलन' क्या है? 'चिपको आन्दोलन' का उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए। 4

What is 'Ecological movement'? Giving the example of 'Chipko-movement', explain it.

17. उदारीकरण की नीति का भारतीय किसानों पर पड़ रहे प्रभावों का वर्णन कीजिए। 4

Describe the effects of the policy of liberalization on Indian farmers.

18. घरों में होने वाले कुछ कामों का उदाहरण दीजिए। इनका क्या आर्थिक महत्व है? 4

Give the examples of some works which are performed in homes. What is their economic importance?

19. मातृवंशीय तथा पितृवंशीय समाज में अन्तर बताइए। 4

Write the difference in Matrilineal and Patrilineal societies.

20. जाति व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 4

Describe the main characteristics of Caste system.

21. 'सामुदायिक पहचान' क्या है? इसका क्या महत्व है? 4

What is 'Community-Identity'? What is its importance?

22. उपनिवेशवाद क्या है? औपनिवेशिक काल में भारतीय समाज में आए महत्वपूर्ण परिवर्तनों का वर्णन कीजिए। 6

What is Colonialism. Describe the important changes came in Indian society during Colonial period.

**अथवा (OR)**

'औद्योगीकरण और नगरीकरण परस्पर सम्बन्धित हैं।' विवेचना कीजिए।

'Industrialisation and Urbanisation are co-related'. Discuss.

23. सामाजिक आंदोलन क्यों होते हैं? सामाजिक आंदोलनों के सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए। 6

Why do Social Movements take place? Mention the theories of social movements.

**अथवा (OR)**

जनजातीय आंदोलन क्या हैं? झारखण्ड में जनजातीय आन्दोलन के मुख्य मुद्दों का वर्णन कीजिए।

What are Tribal Movements? Describe the main issues of tribal movement in Jharkhand.



Downloaded from cclchapter.com

24. 'अन्य पिछड़े वर्ग', अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों से किस प्रकार भिन्न हैं? समझाइये। 6

How 'Other Backward Classes' are different from Scheduled Castes and Scheduled Tribes? Describe.

**अथवा (OR)**

सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार क्या है? व्याख्या कीजिए।

What is Social Inequality and Exclusion? Explain.

25. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए –

शिशु मृत्यु दर उन बच्चों की मृत्यु की संख्या दर्शाती है जो जीवित पैदा हुए 1000 बच्चों में से एक वर्ष की आयु प्राप्त होने से पहले ही मौत के मुँह में चले जाते हैं। इसी प्रकार, मातृ-मृत्यु दर उन स्त्रियों की संख्या की सूचक है जो जीवित प्रसूति के 1000 मामलों में अपने बच्चे को जन्म देते समय मृत्यु को प्राप्त हो जाती हैं। शिशु और मातृ-मृत्यु की ऊँची दरें निसंदेह पिछड़ेपन और गरीबी की सूचक होती हैं। जब समाज विकास के पथ पर अग्रसर होता है तो ये दरें तेजी से घटने लगती हैं क्योंकि तब चिकित्सा सुविधाओं और शिक्षा, जागरूकता तथा समृद्धि के स्तरों में वृद्धि होती जाती है। एक अन्य संकल्पना जो कुछ भ्रामक है वह है आयु संभाविता। यह इस बात की सूचक है कि एक औसत व्यक्ति अनुमानतः कितने वर्षों तक जीवित रहेगा। इसकी गणना किसी क्षेत्र-विशेष में एक निश्चित अवधि के दौरान एक आयु विशेष में मृत्यु दर संबंधी आँकड़ों के आधार पर की जाती है।

(क) शिशु मृत्यु दर तथा मातृ-मृत्यु दर से क्या अभिप्राय है? 2

(ख) शिशु और मातृ-मृत्यु की ऊँची तथा नीची दरें किसकी सूचक हैं? 2

(ग) 'आयु संभाविता' की संकल्पना क्या है? 2

Read the following passage carefully and answer the questions that follow–

The infant mortality rate is the number of deaths of babies before the age of one year per 1000 live births. Likewise, the maternal mortality rate is the number of women who die in childbirth per 1000 live births. High rates of infant and maternal mortality are an unambiguous indicator of backwardness and poverty; development is accompanied by sharp falls in these rates as medical facilities and levels of education, awareness and prosperity increase. One concept which is somewhat complicated is that of life expectancy. This refers to the estimated number of years that an average person is expected to survive. It is calculated on the basis of data on age-specific death rates in a given area over a period of time.

(a) What is meant by infant mortality rate and maternal mortality rate?

(b) What do the high and low rate of infant and maternal mortality refers to ?

(c) What is the concept of 'life expectancy'?

*****



Downloaded from cclchapter.com